# आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
# नई दिल्ली

## सूचना
*****

दिनांक: 06-08-2025

**विषय: डीआरएनबी प्रशिक्षुओं के लिए थीसिस प्रस्तुत करने के अतिरिक्त विकल्प के रूप में मूल शोध लेख (प्रकाशित / स्वीकृत) प्रस्तुत करने का प्रावधान।**

**कृपया ध्यान दें : सभी डीआरएनबी प्रशिक्षु एवं प्रत्यायन प्राप्त संस्थान / अस्पताल।**

1. एनबीईएमएस मानदंडों के अनुसार, डीआरएनबी डिग्री प्रमाणपत्र प्राप्त करने की पात्रता की आंशिक पूर्ति हेतु सभी डीआरएनबी प्रशिक्षुओं के लिए थीसिस लिखना अनिवार्य है। डीआरएनबी प्रशिक्षुओं को एनबीईएमएस के नियमों और विनियमों के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर थीसिस प्रोटोकॉल एवं थीसिस प्रस्तुत करना आवश्यक है।

2. डीआरएनबी प्रशिक्षुओं के बीच उच्च गुणवत्ता वाले शोध एवं प्रकाशन को प्रोत्साहित करने के प्रयास के रूप में एनबीईएमएस ने डीआरएनबी प्रशिक्षुओं के लिए एक अतिरिक्त विकल्प शामिल किया है जो थीसिस प्रोटोकॉल एवं थीसिस जमा करने के आवश्यकताओं के बदले में एक मूल शोध लेख (प्रकाशित / स्वीकृत) जमा करने की अनुमति देता है।

3. यह प्रावधान 2024 प्रवेश सत्र एवं उसके बाद के डीआरएनबी प्रशिक्षुओं पर लागू होगी।

4. प्रशिक्षु को संबंधित उप-विशेषता में किसी अनुमोदित पत्रिका द्वारा स्वीकृत मूल लेख की पाण्डुलिपि के माध्यम से प्रदर्शित या इस उद्देश्य के लिए एनबीईएमएस द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध के साक्ष्य के माध्यम से, महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय शोध कार्य करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

5. केवल मूल शोध पत्र, मेटाविश्लेषण-, व्यवस्थित समीक्षाएं, और बड़ी केस सीरीज़ जो मेडलाइन, पबमेड सेंट्रल, एम्बेस, स्कोपस, साइंस साइटेशन इंडेक्स और साइंस साइटेशन इंडेक्स एक्सपेंडेड में प्रकाशित पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है या प्रकाशन के लिए पहले से स्वीकृत हैं।

6. थीसिस प्रोटोकॉल प्रस्तुत करने की मौजूदा नीति के अनुसार, प्रकाशित/ स्वीकृत लेख, प्रशिक्षु द्वारा अपने डीआरएनबी पाठ्यक्रम की शुरुआत में प्रस्तुत किए गए थीसिस प्रोटोकॉल के अनुरूप होना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा की जो शोध किया गया एवं जिसे लेख में प्रस्तुत किया गया वो उनके थीसिस के प्रारंभिक नियोजित दायरे के अनुरूप है।

7. शोध कार्य डीआरएनबी प्रशिक्षण अवधि के दौरान किया जाना चाहिए, और प्रशिक्षु को लेख का प्रथम या संवाददाता लेखक होना चाहिए।

8. यह प्रावधान सीधे 6-वर्षीय सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में नामांकित प्रशिक्षुओं पर लागू नहीं है।

9. जिन प्रशिक्षुओं ने डीआरएनबी प्रशिक्षण पूरा कर लिया है लेकिन अपना थीसिस प्रस्तुत नहीं किया है वे भी इस प्रावधान का लाभ उठा सकते हैं, बशर्ते की वे डीआरएनबी प्रमाणपत्र प्राप्त करने की पात्रता की आंशिक पूर्ति हेतु अपनी थीसिस प्रस्तुत करने के बदले में उपरोक्त मानदंडों के अनुसार एक योग्य मूल शोध लेख प्रस्तुत करें। इन प्रशिक्षुओं को अपना प्रोटोकॉल प्रस्तुत करने से छूट दी जाएगी, लेकिन उनका थीसिस डीआरएनबी प्रशिक्षण के दौरान या उसके बाद किया गया होना चाहिए। ऐसे प्रशिक्षु को अंतिम डीआरएनबी परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते वो परीक्षा के लिए अन्य पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो।

10. डीआरएनबी अंतिम परीक्षा पात्रता के लिए लागू थीसिस जमा करने की सभी निर्धारित समय- सीमाएं थीसिस के बदले अपना मूल शोध लेख जमा करने का विकल्प चुनने वाले प्रशिक्षुओं के लिए समान रहेगी।

11. किसी भी प्रश्न/स्पष्टीकरण/सहायता के लिए आप संचार पोर्टल के माध्यम से NBEMS से संपर्क कर सकते हैं। इस पोर्टल को NBEMS वेबसाइट https://natboard.edu.in पर "**Contact Us**" मेनू के तहत त्वरित लिंक " **Communication Web Portal** " के माध्यम से पहुँचा जा सकता है।

**एनबीईएमएस**

Scroll Down the page to view English version of this Public Notice

# NATIONAL BOARD OF EXAMINATIONS
# IN MEDICAL SCIENCES
# NEW DELHI

## NOTICE

****

Dated: 06-08-2025

**Subject: Provision for Submission of Original Research Article (Published/Accepted) as an Additional Option in Lieu of Thesis Submission for DrNB trainees**

***Kind Attn: All DrNB trainees and Accredited Institutions/Hospitals***

1. As per NBEMS norms, writing a thesis is essential for all DrNB trainees towards partial fulfilment of eligibility for award of DrNB degree certificate. DrNB trainees are required to submit a thesis protocol and thesis within the prescribe timeline as per the rules and regulations of NBEMS.

2. In an effort to encourage high-quality research and publications amongst DrNB trainees, NBEMS has included an **additional option** for DrNB trainees, allowing the **submission of an Original Research Article (Published/Accepted)** in lieu of the thesis protocol and thesis submission requirements.

3. This provision is applicable to DrNB trainees of 2024 admission session onwards.

4. The trainee must furnish **proof of having undertaken significant high-order research work**, demonstrated through a **manuscript of an original article accepted** by an approved journal in the relevant concerned sub-specialty, or **evidence of published research** in journals recognized by NBEMS for this purpose.

5. Only original papers, meta-analyses, systematic reviews, and large case series that are published or already accepted for publication in journals published in Medline, Pubmed Central, Embase, Scopus, Science Citation Index and Science Citation Index Expanded.

6. The published/accepted article must be aligned with the dissertation protocol that the trainee submitted at the beginning of their DrNB course, as per the existing policy for thesis protocol submission. This ensures that the research conducted and presented in the article is consistent with the initially planned scope of their dissertation.

7. The research work must be conducted during the DrNB training period, and the trainee must be the first or corresponding author of the article.

8. This provision is **NOT** applicable to trainees enrolled in Direct 6-year Super Specialty courses.

9. Trainee who have completed DrNB training but have not submitted their thesis may also avail this provision, subject to submission of an eligible Original Research Article as per the above criteria towards partial fulfilment of eligibility for award of DrNB

degree/certificate in lieu of their thesis submission. These trainees will be exempted from submitting their protocol but their research should be undertaken during or after DrNB training. Such trainee would be allowed to appear in the final DrNB examination subject to fulfilment of other eligibility criteria for the exam.

10. All prescribed timelines for thesis submission as applicable for DrNB final examination eligibility will remain the same for trainees opting to submit their Original Research Article in lieu of a thesis.

11. For any query/assistance, you may contact NBEMS through Communication portal. This portal can be accessed through Quick Link **"Communication Web Portal"** under **"Contact Us"** menu on NBEMS website https://natboard.edu.in

**NBEMS**